अजीत समाचार 06/06/2024

जीएमएन कालेज ऑफ नर्सिंग में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

कालेज के प्रांगण में पौधारोपण करते हुए पर्यावरण प्रेमी।

अम्बाला कैंट, 5 जून (अग्रवाल): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज आफ नर्सिंग के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया। इस उपलक्ष्य में प्रधानाचार्य रामलखन माली सहित अन्य टीचिंग एंड नान टीचिंग स्टाफ ने कार्यक्रम में पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने पर्यावरण दिवस मनाने के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने पर्यावरण को स्वच्छ रखने और उसे बचाने के महत्व के बारे में बताते हुए जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ सभी को प्रोत्साहित किया। इस उपलक्ष्य में अधिक आक्सीजन देने वाले पेड़-पौधे पीपल, बरगद एवं अनेक हर्बल पौधों का रोपण किया गया। प्रधानाचार्य ने उपस्थित स्टाफ को बताया की 2024 पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य है 'भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन', जो दुनिया भर के देशों को सामने आने वाली गिरावट, मरुस्थलीकरण और सूखे की चुनौतियों का समाधान करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है।

सुबह पहले एनसीसी कैडेट्स एक हरियाणा बटालियन के निरीक्षण में सीबीए लेक तोपखाना के पास की गई सभी पर्यावरणीय गतिविधियों में भाग लिया। तत्पश्चात सभी कैडेट्स ने कालेज आकर जागरूकता रैली का आयोजन किया। उन्होंने आसपास सभी लोगो को पर्यावरण को साफ रखने, प्लास्टिक का प्रयोग ना करने और अधिक से अधिक पेड़ पौधे उगाने संबंधी नसीयत दी। प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि इस दिन को मनाने का मकसद पर्यावरण को होने वाले खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना है और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। भूस्खलन, ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण के कारण पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कैडेट्स की इस सक्रिय गतिविधि की प्रशंसा की। सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा ने बताया कि कैडेट्स द्वारा कालेज परिसर में शाम को पौधारोपण भी किया जाएगा तथा सभी कैडेट्स अपने पौधे की देखभाल करने के लिए जिम्मेवार होंगे। इस अवसर पर 25 कैडेटस उपस्थित रहे। इतनी गर्मी में भी सभी कैडेट्स हर्ष और उल्लास से ओत प्रोत थे।